**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2804**

**गुरुवार, 19 दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**एनसीएस पोर्टल के उद्देश्य**

**2804. श्री संजय कुमार झा:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के उद्देश्य क्या हैं;

(ख) देश में रोजगार कार्यालयों और आदर्श करियर केन्द्रों (एमसीसी) की राज्य-वार/जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) देश में राज्य-वार और बिहार में जिला-वार कितने रोजगार कार्यालयों का एमसीसी के रूप में उन्नयन किया गया है;

(घ) रोजगार कार्यालयों की स्थिति और ब्यौरा क्या है तथा एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत लाभार्थियों/ नौकरी तलाशने वाले व्यक्तियों/नियोक्ताओं की संख्या कितनी है;

(ङ) क्या सरकार की और अधिक रोजगार कार्यालय/एमसीसी स्थापित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा एनसीएस पोर्टल पर और अधिक नियोक्ताओं को पंजीकृत कराने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा कया है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (च): श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है, जो एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, रोजगार खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

25.11.2024 तक, देश में 1008 रोजगार कार्यालय स्थित हैं। इसके अलावा, एनसीएस परियोजना के तहत, सरकार ने 400 मॉडल करियर सेंटर (एमसीसी) को मंजूरी दी है, जिसमें 370 रोजगार कार्यालय भी शामिल हैं, जिन्हें एमसीसी के रूप में अपग्रेड किया गया है।

रोजगार कार्यालयों और मॉडल करियर केंद्रों का राज्यवार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है तथा बिहार के स्थानवार रोजगार कार्यालयों, जहां मॉडल करियर केंद्रों को मंजूरी दी गई है, का विवरण अनुबंध -II में दिया गया है।

15 नवंबर 2024 तक, एनसीएस पोर्टल पर 3.53 करोड़ से अधिक रिक्तियों जुटाई गई हैं तथा 36.23 लाख से अधिक नियोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है।

एनसीएस पोर्टल पर अधिक से अधिक नियोक्ताओं को पंजीकृत करना एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने स्टाफिंग/प्लेसमेंट संगठनों और निजी नौकरी पोर्टलों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, एनसीएस पोर्टल पर एमएसएमई नियोक्ताओं को पंजीकृत करने के लिए एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल के साथ एकीकरण किया है तथा स्थानीय स्तर पर नियोक्ताओं को पंजीकृत करते हुए विभिन्न जिलों में मॉडल कैरियर केंद्र भी स्थापित किए हैं।

****

**अनुबंध-I**

**एनसीएस पोर्टल के उद्देश्य पर श्री संजय कुमार झा द्वारा दिनांक 19.12.2024 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2804 के उत्तर (क) से (च) में संदर्भित विवरण।**

**रोजगार कार्यालयों और मॉडल करियर केंद्रों की राज्य-वार संख्या**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | रोजगार कार्यालयों की संख्या | एमसीसी में अपग्रेड किए गए रोजगार कार्यालयों की संख्या | एमसीसी की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 12 | 6 | 6 |
| 2 | असम | 52 | 12 | 13 |
| 3 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 1 | 1 | 1 |
| 4 | आंध्र प्रदेश | 17 | 29 | 30 |
| 5 | बिहार | 47 | 20 | 20 |
| 6 | छत्तीसगढ | 26 | 12 | 12 |
| 7 | दिल्ली | 3 | 1 | 2 |
| 8 | गोवा | 2 | 1 | 1 |
| 9 | गुजरात | 46 | 13 | 13 |
| 10 | हरियाणा | 65 | 3 | 4 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 15 | 2 | 2 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 20 | 18 | 19 |
| 13 | लद्दाख | 2 | 2 | 3 |
| 14 | झारखंड | 43 | 20 | 20 |
| 15 | कर्नाटक | 40 | 13 | 14 |
| 16 | केरल | 85 | 13 | 14 |
| 17 | लक्षद्वीप | 1 | 1 | 2 |
| 18 | महाराष्ट्र | 36 | 26 | 28 |
| 19 | मेघालय | 13 | 4 | 4 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 49 | 11 | 13 |
| 21 | मणिपुर | 11 | 1 | 2 |
| 22 | मिजोरम | 3 | 4 | 4 |
| 23 | नागालैंड | 8 | 7 | 7 |
| 24 | ओडिशा | 40 | 30 | 32 |
| 25 | पुदुचेरी | 5 | 4 | 4 |
| 26 | पंजाब | 47 | 12 | 12 |
| 27 | राजस्थान | 38 | 16 | 16 |
| 28 | सिक्किम | 0 | - | 6 |
| 29 | तेलंगाना | 34 | 12 | 12 |
| 30 | त्रिपुरा | 6 | 3 | 4 |
| 31 | तमिलनाडु | 35 | 19 | 20 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 100 | 35 | 39 |
| 33 | उत्तराखंड | 24 | 4 | 5 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 77 | 15 | 16 |
| 35 | चंडीगढ़ | 2 | - | - |
| 36 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 3 | - | - |
| | कुल | 1008 | 370 | 400 |

अनुबंध II

**एनसीएस पोर्टल के उद्देश्य पर श्री संजय कुमार झा द्वारा दिनांक 19.12.2024 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2804 के उत्तर (क) से (च) में संदर्भित विवरण।**

## बिहार में जिला-वार मॉडल करियर केंद्रों की सूची

| क्रम सं. | एमसीसी का स्थान |
|---|---|
| 1 | मुजफ्फरपुर |
| 2 | पटना |
| 3 | बक्सर |
| 4 | गया |
| 5 | डालमिया नगर |
| 6 | दरभंगा |
| 7 | मुंगेर |
| 8 | सुपौल |
| 9 | पूर्णिया |
| 10 | नालंदा |
| 11 | बांका |
| 12 | बेगूसराय |
| 13 | भभुआ |
| 14 | कटिहार |
| 15 | किशनगंज |
| 16 | मोतिहारी |
| 17 | नवादा |
| 18 | सीतामढ़ी |
| 19 | शिवहर |
| 20 | भागलपुर |